राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने प्रो. सिंघल को शेखावाटी विश्वविद्यालय की मानद उपाधि से किया सम्मानित

जयपुर, 30 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को राजभवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.जगदीश प्रसाद सिंघल को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के पंचम् दीक्षांत समारोह में शिक्षाविद् प्रो.जे.पी. सिंघल को मानद उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई थी।

————

